an>

Title: Need to conduct a C.B.I. inquiry against drug mafia in Meerut Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): माननीय अध्यक्ष महोदया, मेरठ में देश की बड़ी तथा प्रमुख दवा निर्माता कंपनियों की नक्ल करके असली दिखने वाली पैंकिंग के साथ बेचने वाले माफियाओं के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। दिनांक 01.12.2015 को आईबीएन-7 द्वारा ऑपरेशन यमराज के नाम से किये गये स्टिंग ऑपरेशन द्वारा यह खुलासा किया गया है। मैं इस खुलासे के लिए आईबीएन-7 को बधाई देता हूँ।

इस स्टिंग ऑपरेशन में नकली दवा माफियाओं के जो विवरण सामने आये हैं, वे बहुत ही चिन्ताजनक हैं। ये माफिया लोग 45 रुपये में बिकने वाली खांसी के सिरप को मात्र 7.50 रुपये में बेच रहे हैं। दस हजार शीशियों की आपूर्ति केवल पाँच-छः दिन में कर सकते हैं। माल को किसी भी स्थान पर पहुंचाने की जिम्मेदारी भी लेता हुआ दिखाया गया है। बुखार, खांसी, हृदय किडनी, लीवर जैसे रोगों से संबंधित बिल्कुल असली दिखनेवाली नकली दवाओं की आपूर्ति का वे भरोसा दिला रहे हैं। नकली दवाओं का इतने व्यापक स्तर पर निर्माण और उसकी बेखौफ आपूर्ति चिकित्सा एवं दवा से जुड़े अधिकारियों तथा पुलिस प्रशासन की सांठगांठ के बिना संभव नहीं है। अभी पिछले महीने 18 नवम्बर को भी एक नकली दवा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गयी थी। परंतु अपराधियों से मिली-भगत के कारण छापा मारने गयी पुलिस टीम को फैक्ट्री में केवल ताले मिले।

सरकारी अस्पतालों में दी जाने वाली दवाओं के सैम्पल अनेक बार फेल हो चुक हैं, परन्तु इन माफियाओं का प्रभाव ऐसा है कि इनके खिलाफ कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूरी होती है। बीमारी बांटने वाली नकली दवाओं के सर्वाधिक शिकार सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब होते हैं। स्थानीय प्रशासन द्वारा इसकी जांच किया जाना असंभव है, क्योंकि वह स्वयं इस काम में शामिल हैं।

आपके माध्यम से सरकार से मेरा अनुरोध है कि इस मामले की सीबीआई से जांच कराएं तथा यहां बैठे हमारे प्रदेश के वरिष्ठ नेता से निवेदन है कि वे सीबीआई जांच की संस्तुति केन्द्र सरकार को कराएं ताकि इस माफिया को पकड़ा जा सके। मेरा यह भी निवेदन है कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले इस अपराध में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कठोरतम दण्ड के प्रावधान किए जाएं।

अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री निशिकान्त दुबे, श्री अजय मिश्रा टेनी, श्री राजीव सातव, श्री केशव प्रसाद मौर्य, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं श्री शरद त्रिपाठी को श्री राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी - उपस्थित नहीं।

श्री गोपाल शेट्टी ।